मासिक परीक्षा माह-अगस्त
कक्षा-10
विषय-हिंदी

समय - 1 घंटा अंक-20

---

प्रश्न 1 : सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए (1×2=2)

i. बालगोबिन भगत पद गाते थे -
(अ) कबीर के (ब) सूरदास के (स) मीरा के (द) तुलसीदास के

ii. 'रामचरितमानस' की भाषा है -
(अ) व्रज (ब) बुन्देली (स) अवधी (द) मालवी

प्रश्न 2. सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए (1×5=5)

| I | (अ) | (ब) |
|---|---|---|
| | 1. सूर के पद | i. रामवृक्ष बेनीपुरी |
| | 2. 'बालगोविन भगत' | ii. सूरदास |
| | 3. भक्तिकाल के कवि | iii. प्रेमचंद |
| | 4. राम-लक्ष्मण परशुराम संवाद | iv. तुलसीदास |
| | 5. उपन्यास सम्राट | v. तुलसीदास |

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए (1×5=5)

i. राम लक्ष्मण परशुराम संवाद में किस छंद का प्रयोग हुआ है ?
ii. राम लक्ष्मण परशुराम संवाद में किस रस की प्रधानता है ?
iii.राम लक्ष्मण परशुराम संवाद रामचरितमानस के किस कांड से लिया गया हैं ?
iv. गोस्वामी तुलसीदास की मृत्यु कहाँ हुई ?
V. सीता स्वयंवर में राम-लक्ष्मण किसके साथ आए थे?

प्रश्न 4. सूरदास अथवा तुलसीदास की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए (2)
i. दो रचनाएँ, ii. भावपक्ष - कलापक्ष

प्रश्न 5. गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यवान कहने में क्या व्यंग्य निहित है ? (2)

अथवा

'मरजादा न लही' के माध्यम से कौन-सी मर्यादा न रहने की बात की जा रही है?

प्रश्न 6. स्वयं प्रकाश अथवा रामवृक्ष बेनीपुरी की साहित्यिक विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए - (2)

i. दो रचनाएँ ii. भाषा-शैली

प्रश्न 7. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए (कोई दो (2)
i. आँख का तारा ii. खून पसीना एक करना iii.घी के दिए जलाना